# MP BOARD CLASS 10 HM HINDI SPECIAL MODEL PAPER SET 5 2020

## म.प्र. बोर्ड कक्षा 10 HM हिन्दी (विशिष्ट) मोडल पेपर सेट 5 2020

समय: 3 घंटे पूर्णांक : 100

निर्देश-(i) सभी प्रश्न को हल करना अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक-एक (1x5x5= 25) अंक निर्धारित हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिये 2 अंक निर्धारित है। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिये 3 अंक निर्धारित है। अधिकतम शब्द सीमा 30 से 75 शब्द हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये 4 अंक निर्धारित है। अधिकतम शब्द सीमा 75 से 120 शब्द हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिये 5 अंक निर्धारित है। अधिकतम शब्द सीमा 120 से 150 शब्द हैं।

(vii) प्रश्न क्रमांक 28 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है , जिनमें दो भाग हैं , प्रथम प्रश्न 7 अंक का एवं द्वितीय प्रश्न के लिये 3 अंक निर्धारित है। अधिकतम शब्द सीमा 200 से 250 शब्द हैं।

प्रश्न 1. निम्नलिखित कथनों के सही विकल्प चुनकर लिखिए-

(1) पद्मावत् किसकी रचना है

(a) मीरा बाई (b) सूरदास (c) मलूकदास (d) जायसी।

(2) आधुनिक मीरा के नाम से प्रसिद्ध है-

(a) महादेवी वर्मा (b) उषा प्रियंवदा (c) रजनि पनिकर (d) सुभद्रा कुमारी चौहान।

(3) लोक संस्कृति का जन्म हुआ-

(a) शहरों में (b) गाँवों में (c) कस्बों में (d) विद्यालयों में।

(4) 'पहली चूक' का संबंध किस विधा से है-

(a) संस्मरण (b) व्यंग्य निबंध (c) कहानी (d) एकांकी।

(5) महाजन का नाम था-

(a) अंबिका प्रसाद (b) शिबू (c) मोहन (d) ज्वाला प्रसाद।

उत्तर-(1) (d), (2) (a), (3) (b), (4)(b), (5) (d).

प्रश्न 2. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द का चयन कर कीजिए-

(1) कहानी सम्राट .................. को कहा जाता है। (जयशंकर प्रसाद/मुंशी प्रेमचंद्र)

(2) गिरिधर की ............... प्रसिद्ध हैं। (कुण्डलियाँ/दोहे)

(3) विरह और वेदना की कवयित्री ........................ हैं। (उषा प्रियंवदा/महादेवी वर्मा)

(4) श्रृंगार रस का स्थायी भाव .................. है। (निर्वेद/रति)

(5) 'चौराहा' में ................ समास है। (अव्ययीभाव/द्विगु)

उत्तर-(1) मुंशी प्रेमचंद्र, (2) कुण्डलियाँ, (3) महादेवी वर्मा, (4) रति, (5) द्विगु।

प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यों में सत्य/असत्य लिखिए-

(1) 'विनयपत्रिका' तुलसीदास की रचना है।

(2) शिबु मोहन का लड़का है।

(3) शल्य चिकित्सा के जनक सुश्रुत है।

(4) नर्मदा का उद्गम स्थल नासिक है।

(5) समाचार में विसर्ग संधि है।

उत्तर-(1) सत्य, (2) सत्य, (3) सत्य, (4) असत्य, (5) असत्य।

प्रश्न 4. एक शब्द या वाक्य में उत्तर लिखिए-

(1) बिना विचारे कार्य करने से क्या होता है?

(2) लोक संस्कृति का जन्म कहाँ हुआ?

(3) रसों की संख्या कितनी मानी गयी है ?

(4) साधु से क्या नहीं पूछना चाहिए?

(5) पंचमेल खिचड़ी किसकी काव्य भाषा थी ?

उत्तर-(1) कार्य बिगड़ जाता हैं, (2) गाँवों में, (3) नौ, (4) जाति, (5) कबीर।

प्रश्न 5. सही जोड़ी बनाइए-

| खण्ड (अ) | खण्ड (ब) |
|---|---|
| (1) रामचरितमानस | (a) रामवृक्ष बेनीपुरी |
| (2) गेहूँ और गुलाब | (b) द्विगु समास |
| (3) दोपहर | (c) मार्गरेट एलिजावेथ नोबल |
| (4) बेटियाँ पावन दुआएँ हैं | (d) महाकाव्य |

(5) भगिनी निवेदिता (e) अजहर हाशमी।

उत्तर-(1) (b), (2) (a), (3) (b), (4) (e), (5) (c).

प्रश्न 6. बच्चे के रेशमी बालों को कवि अपनी हथेलियों से क्यों स्पर्श करना नहीं चाहता?

अथवा

ईश्वर ने रोगों को दूर करने के लिए मनुष्य को क्या दिया ?

प्रश्न 7. कवि ने हिमालय की झीलों में किसको तैरते हुए देखा ?

अथवा

नदियाँ आगे चलकर किस रूप में परिवर्तित हो जाती हैं ?

प्रश्न 8. तेजस्वी पुरूष लाला लाजपत राय की दो विशेषताएँ कौन-सी थीं ?

अथवा

बूढे किसान ने राष्ट्रपति को कौन सा उपहार दिया ?

प्रश्न 9. गेहूँ और गुलाब किसका प्रतीक है ?

अथवा

गाँधी द्वारा स्थापित आश्रम का नाम लिखिए।

प्रश्न 10. भक्तिकाल के प्रमुख दो कवियों के नाम बताइए।

अथवा

हिन्दी कविता का इतिहास कितने युगों में बाँटा गया है ?

प्रश्न 11. चलने से पूर्व बटोही को क्या करना चाहिए ?

अथवा

कवि चट्टानों की छाती से क्या निकालने के लिए कह रहा है?

प्रश्न 12. साधु से किस प्रकार के प्रश्न नहीं करना चाहिए ?

अथवा

कुब्जा कौन थी ? उसका उद्धार कैसे हुआ ?

प्रश्न 13. मनुष्य पशु से किस प्रकार भिन्न है ?

अथवा

मनुष्य की महिमा किसे स्वीकार है ?

प्रश्न 14. “कुछ लोग बड़े निर्दोष मिथ्यावादी होते हैं।" कथन की विवेचना कीजिए।

अथवा

स्वामी विवेकानंद से निवेदिता की मुलाकात कब, कहाँ और कैसे हुई ?

प्रश्न 15. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए।

1. सीता गाना गाती है। (विस्मयादि सूचक)

2. वह आस्तिक है। (निषेधवाचक)

अथवा

निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए।

1. राम पुस्तक पढ़ती है,      2. ईश्वर के अनेकों नाम है।

प्रश्न 16. खण्डकाव्य की विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

महाकाव्य किसे कहते हैं ?

प्रश्न 17. दीपक से मानव जीवन की तुलना किस रूप में की गई है ?

अथवा

कवि स्वतंत्रता को स्थायी रखने के लिए क्या कहता है ?

प्रश्न 18. निम्नलिखित मुहावरो का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

1. आँखो का तारा, 2. फूला न समाना, 3. गागर में सागर भरना।

अथवा

निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए।

1. पूजा करने वाली, 2. जो कभी नहीं मरता है,

3. जो ईश्वर को नहीं मानता हो।

प्रश्न 19. उपमा अलंकार किसे कहते है ? उदाहरण दीजिए।

अथवा

वीर, रौद्र, अद्भुत एवं शृंगार रस का स्थायी भाव लिखिए।

प्रश्न 20. रीतिकाल की विशेषताएँ बताइये।

अथवा

छायावादी कविता की तीन विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 21. कहानी एवं उपन्यास में अंतर समझाइये।

अथवा

पत्र साहित्य किसे कहते है? किन्ही दो पत्र-साहित्यकार एवं उनकी एक-एक कृति का नाम लिखिए।

प्रश्न 22. सूरदास अथवा भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए।

1. दो रचनाएँ, 2. भावपक्ष-कलापक्ष, 3. साहित्य में स्थान।

प्रश्न 23. हजारीप्रसाद द्विवेदी अथवा रामनारायण उपाध्याय का साहित्यिक परिचय निम्न लिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए-

1. दो रचनाएँ, 2. भाव-शैली, 3. साहित्य में स्थान।

प्रश्न 24. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की व्याख्या, संदर्भ, प्रसंग सहित कीजिए।

बैर फूट ही सो भयो सब भारत को नास।

तबहूँ न छाड़त याहि सब बंधे मोह के फाँस

अथवा

अवगति गति कुछ कहत न आवै।

ज्यौं [गेहि मीठे फल को रस अंतरगत ही भावै।

परम स्वाद सबहीं सुनिरंतर अमित तोष उपजावै।

मन-वानी कौं अगम-अगोचर, सो जानै जो पावै।

रूप-रेख-शुन-जाति जुगति बिनु, निरालंब मन चक्रत धावै।

सब विधि अगम विचारहिं तातै, सूर सगुनलीला पद गावै।

प्रश्न 25. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की व्याख्या संदर्भ प्रसंग सहित लिखिए।

"हमारे देश को दो बातों की सबसे पहले और ज्यादा जरूरत है।

एक शक्ति बोध और दूसरा सौंदर्य बोध। बस हम यह समझ लें कि हमारा कोई भी काम ऐसा न हो जो देश में कमजोरी की भावना को बल दे या कुरुचि की भावना को ही।"

अथवा

धिक्कार है तुम्हें। नकली बँदी भी प्राणों से अधिक प्रिय है, जिस जगह एक भी हाड़ा है, वहाँ बूंदी का अपमान आसानी से नहीं किया जा सकता। आज महाराणा आश्चर्य के साथ देखेंगे कि यह खेल केवल खेलहीं नहीं रहेगा यहाँ की चप्पा-चप्पा भूमि सिसोदियों और हाड़ाओं के खून से लाल हो जाएगी।

प्रश्न 26. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

धर्म एक व्यापक शब्द है। मजहब, मत, पंथ या सम्प्रदाय सीमित रूप है। संसार के सभी धर्म मूल रूप में एक ही हैं। सभी मनुष्य के साथ सद्व्यवहार सिखाते हैं। ईश्वर किसी विशेष धर्म या जाति का नहीं। सभी मानवों में एक प्राण स्पंदन होता है। उसके रक्त का रंग भी एक ही है सुख-दुख का भाव बोध भी उनमें एक जैसा है। आकृति और वर्ण , वेशभूषा और रीति रिवाज तथा नाम ये सब ऊपरी वस्तुएँ हैं। ईश्वर ने मनुष्य या इंसान को बनाया है , और इंसान ने बनाया है धर्म या मजहब को। ध्यान रहे मानवता या इंसानियत से बड़ा धर्म या मजहब दूसरा कोई नहीं वह मिलना सिखाता है , अलगाव नहीं। 'धर्म' तो एकता का घोतक है।

प्रश्न- (i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (ii) सबसे बड़ा धर्म कौन-सा है ?

(iii) बाह्य वस्तुएँ क्या हैं ?

प्रश्न 27. अपने मित्र को हाई स्कूल परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने पर एक बधाई पत्र लिखिए।

अथवा

नगर निगम को एक आवेदन पत्र लिखिए, जिसमें नालियों की सफाई एवं कीटनाशक दवाओं के छिड़काव का सुझाव हो।

प्रश्न 28. (अ)निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 200 से 250 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए- http://www.mpboardonline.com

(1) आतंकवाद, (2) साहित्य और समाज, (3) विज्ञान के बढ़ते चरण,

(4) जीवन में खेलों का महत्व, (5) जीवन में कम्प्यूटर का महत्व।

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय की रूपरेखा 50 शब्दों में लिखिए-

(1) बेटी बचाओ, (2) राष्ट्रीय पर्व, (3) कम्प्यूटर आज की आवश्यकता,

(4) साहित्य और समाज, (5) वन संरक्षण।